संपादकीय

# यूएमएल का नेपाली कांग्रेस के साथ नया गठबंधन

नेपाल में पिछले तीन-चार दिनों में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुए उनके नतीजे सोमवार की आधी रात को सामने आए। इस नाटकीय घटनाक्रम में सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार में शामिल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) ने नेपाली कांग्रेस के साथ नया गठबंधन बनाने को लेकर समझौता कर लिया। समझौते के तहत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करेंगे। इन दोनों नेताओं ने सरकार बनाने के संबंध में अर्धरात्रि को जो समझौता किया इससे जाहिर होता है कि वे दिन के उजाले में नेपाल की समकालीन राजनीति के साथ फरेब वाला समझौता करने से भयभीत थे।

देश की दो बड़ी राजनीतिक पार्टियां और उनके दो कद्दावर नेताओं ने नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर जिस तरह का निर्णय लिया वह नेपाल की लोकतांत्रिक राजनीति को ढलान की ओर ले जाता है। सविधान और लोकतंत्र के नाम पर किए गए इस राजनीतिक समझौते से देश का राजनीतिक भविष्य एक बार फिर अनिश्चितता की ओर बढ़ रहा है।

समझौते के मुताबिक, पहले ओली डेढ़ साल के लिए प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे और उसके बाद देउबा के लिए अपना पद छोड़ेंगे। लेकिन नेपाल के राजनीतिक उतार-चढ़ाव को देखकर कहना मुश्किल है कि ओली समझौते के मुताबिक अपने वादे को निभाएंगे।

ओली और देउबा के बीच में सत्ता के लिए जो समझौता हुआ है, वह कितने दिन तक चल पाएगा अभी से कहना मुश्किल है क्योंकि दोनों नेता जिन दलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे वैचारिक रूप से धुर विरोधी हैं। इसलिए कहा जाना चाहिए कि कपड़ों की तरह गठबंधन का सहयोगी बदलने के पीछे कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि सत्ता की चाह काम करती है। हालांकि सत्ता के इस उलटफेर के भी कुछ सकारात्मक सदेश हैं।

नेपाली संसद की कुल 275 सीटों में से 88 नेपाली कांग्रेस और 79 सीटें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के पास हैं। मात्र 32 सीटें वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के नेता प्रचंड जोड़-तोड़ करके प्रधानमंत्री बन जाते हैं। ओली और देउबा के समझौते से इस तरह की प्रवृत्ति को धक्का पहुंचा है। इसे नेपाली राजनीति के लिए शुभ कहा जाना चाहिए।

# रोजगार पर सिटीग्रुप की रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने किया खंडन

**नई दिल्ली**

भारत में रोजगार की स्थिति पर सिटीग्रुप द्वारा जारी की गई हालिया शोध रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने खंडन किया है। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत सात प्रतिशत की विकास दर के साथ भी पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करेगा।

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय का मानना है कि यह रिपोर्ट उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार डेटा को ध्यान में रखने में विफल रही है। रिपोर्ट में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से जानकारी नहीं ली गई है तथा ये स्रोत रिपोर्ट का खंडन करते हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि वह ऐसी रिपोर्टों का दृढ़ता से खंडन करता है जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध सभी आधिकारिक डेटा स्रोतों का विश्लेषण नहीं करती हैं। मंत्रालय का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक का केएलईएमएस डेटा 2017-18 से 2021-22 तक आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का संकेत देता है, जिसका मतलब प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार है।

इस तथ्य के बावजूद कि 2020-21 के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी से प्रभावित हुई थी, इसके मद्देनजर पर्याप्त रोजगार पैदा करने में भारत की असमर्थता के सिटीग्रुप के दावे का खंडन हो जाता है। यह महत्वपूर्ण रोजगार सृजन विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी पहलों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है।

केंद्र के मुताबिक पीएलएफएस डेटा से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान, श्रम बल में शामिल होने वाले लोगों की संख्या की तुलना में अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप बेरोजगारी दर में लगातार कमी आई है। यह रोजगार पर सरकारी नीतियों के सकारात्मक प्रभाव का एक स्पष्ट संकेतक है। जहां रिपोर्ट में रोजगार परिदृश्य को गंभीर बताया गया है, वहीं आधिकारिक डेटा भारतीय रोजगार बाजार की अधिक आशावादी परिदृश्य प्रस्तुत करता है।

मंत्रालय के मुताबिक ईपीएफओ डेटा से पता चलता है कि अधिक से अधिक कर्मचारी औपचारिक नौकरियों में शामिल हो रहे हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, 1.3 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर ईपीएफओ में शामिल हुए, जो वर्ष 2018-19 के दौरान ईपीएफओ में शामिल हुए 61.12 लाख की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। इसके अलावा, पिछले साढ़े छह वर्षों के दौरान (सितंबर, 2017 से मार्च, 2024 तक) 6.2 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर ईपीएफओ में शामिल हुए हैं।

वहीं, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र और राज्य सरकारों के तहत 2023-24 के दौरान 7.75 लाख से अधिक नए सब्सक्राइबर एनपीएस में शामिल हुए हैं। यह 2022-23 के दौरान सरकारी क्षेत्र के तहत एनपीएस में शामिल होने वाले 5.94 लाख नए ग्राहकों से 30 प्रतिशत अधिक है।

## 73 प्रतिशत भारतीय कंपनियां जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने की बना रही योजना : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लगभग 73 प्रतिशत भारतीय कंपनिया सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए अगले 12 महीनों के भीतर जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं।

हालांकि, एक्सपोजर मैनेजमेंट कंपनी टेनेबल के अनुसार, केवल 8 प्रतिशत कंपनियों ने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अपना विश्वास दिखाया है।

टेनेबल एपीजे के सीनियर वीपी निगेल एनजी ने कहा, एआई के आने के बाद भी, कई भारतीय कंपनियां अभी भी अपनी प्रौद्योगिकी परिपक्वता विकसित कर रहे हैं। क्योंकि अक्सर एआई को ठीक से बनाने के साथ इसके लिए लोगों को प्रशिक्षित करने और इसे लागू करने के साथ-साथ इसके डेटा प्रबंधन के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए आवश्यक संसाधनों या कौशल की कमी होती है।

रिपोर्ट अक्टूबर 2023 में 826 आईटी और साइबर सुरक्षा पेशेवरों के साथ 52 उत्तरदाताओं पर आधारित है, जिनसे यह सर्वेक्षण किया गया है।

इसके अलावा, रिपोर्ट ने भारतीय संगठनों को एआई प्रौद्योगिकियों के उपयोग में बाधा डालने वाली दो प्रमुख चुनौतियों की पहचान की जिसमें तकनीकी परिपक्वता की कमी (71 प्रतिशत) और उनके संचालन के भीतर एआई की उपयोगिता के बारे में अनिश्चितता (54 प्रतिशत) नजर आई।

रिपोर्ट में उजागर की गई चिंता का एक पहलू यह था कि 40 प्रतिशत भारतीय संगठनों के बीच जेनएआई को एक अवसर से ज्यादा सुरक्षा के लिए खतरा माना गया था।

जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आंतरिक दुरुपयोग एक बड़ी चिंता के रूप में उभरा, जिसमें 67 प्रतिशत ने अपने संगठनों के भीतर संभावित दुरुपयोग के बारे में चिंता व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, 60 प्रतिशत ने कहा कि ओपन-सोर्स जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को संवेदनशील डेटा प्रदान करने से उन्हें बौद्धिक संपदा की चोरी का खतरा है।

## विराट कोहली के पब पर पुलिस ने कसा शिकंजा, एफआईआर दर्ज

**बेंगलुरु**

क्रिकेटर विराट कोहली के बेंगलुरु स्थिति पब के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लिया है. इसके साथ ही बेंगलुरु पुलिस ने पब के प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु के एमजी रोड स्थित रेस्तरां वनएट कम्यून के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. दरअसल, पुलिस ने ये कार्रवाई पब को देर रात तक खोलने के आरोप में की है. बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, इसके अलावा उन्होंने अन्य पबों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है. पब प्रबंधन पर आरोप है कि वे परिचालन समय को नजरअंदाज करते हुए देर रात तक पब का संचालन कर रहे हैं. डीसीपी सेंट्रल के बयान के मुताबिक, हमें देर रात डेढ़ बजे तक पब संचालन की शिकायतें मिली थी. इसके साथ ही हमें वहां तेज म्यूजिक बचाने की भी शिकायत मिली थी. इसके बाद शहर के करीब 3-4 पब बुक किए हैं. जहां पर देर रात तेज म्यूजिक बजाए जाने की शिकायतें मिली थी.

## एक्शन मोड में आरबीआई , दो गैर-सरकारी संस्थानों का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट किया रद्द

**नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक एक बार फिर से एक्शन मोड में आ गई है। आरबीआई ने दो गैर-सरकारी संस्थान से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया है। आरबीआई ने इसको लेकर सर्कुलर जारी किया था। बैंक ने बताया कि अनियमित उधार प्रथाओं के कारण इनका रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कैंसिल हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि उसने स्टार फाइनेंस इंडिया और पॉलीटेक्स इंडिया के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को कैंसिल किया है।

हैदराबाद स्थित स्टार फिनसर्व इंडिया '(डेसिडरेटा इम्पैक्ट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व और संचालित) के तहत सेवा की पेशकश कर रहा था। पॉलीटेक्स इंडिया, जिसका मुख्यालय मुंबई में है, मोबाइल एप्लिकेशन (ज़ैटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व और संचालित) के तहत सेवाएं प्रदान कर रहा था।

आरबीआई ने बताया कि स्टार फिनसर्व के पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) को इसलिए रद् किया गया क्योंकि कंपनी ने क्रेडिट मूल्यांकन जैसे अपने मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को आउटसोर्स करके अपने डिजिटल लेंडिंग ऑपरेशन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग की। यह आरबीआई के आचार संहिता के दिशानिर्देशों का उल्लंघन हैं। इस वजह से स्टार फिनसर्व रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कैंसिल हुआ है।

आरबीआई ने कहा कि स्टार फिनसर्व ने सर्विस प्रोवाइडर को ग्राहक डेटा तक पूर्ण पहुंच प्रदान करके डेटा गोपनीयता और ग्राहक जानकारी की सुरक्षा का भी उल्लंघन किया है। पॉलीटेक्स ने क्लाइंट सोर्सिंग, केवाईसी सत्यापन, क्रेडिट मूल्यांकन, ऋण वितरण, ऋण वसूली, उधारकर्ताओं के साथ अनुवर्ती और शिकायतों में भाग लेने और समाधान से संबंधित अपने मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को आउटसोर्स करके फाइनेंशियल सर्विस की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता के मानदंडों का उल्लंघन किया है।

# रोहित, विराट और बुमराह को श्रीलंका दौरे से दिया जा सकता है आराम

**नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद सीनियर प्लेयर्स रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को इस महीने के अंत में श्रीलंका दौरे के लिए आराम दिया जा सकता है। भारत को 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलने हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई बांग्लादेश दौरे पर लौटने से पहले तीन सीनियर प्लेयर्स को दौरे के लिए आराम देना चाहता है, जहां भारत 19 सितंबर से दो टेस्ट और तीन टी20 खेलेगा।

रोहित, कोहली और रवींद्र जडेजा ने पिछले महीने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, वे अन्य प्रारूपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे। बीसीसीआई संभवत: अगले सप्ताह श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करेगा।

जानकारी के अनुसार, सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया जा सकता है, जिससे वो अगले कुछ बड़े मुकाबलो के लिए तैयार रहें। रोहित, विराट और बुमराह को आराम की पेशकश की गई है और वे सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि सितंबर में पूरे सत्र के लिए वापसी से पहले इन सीनियर प्लेयर्स को पूरा आराम मिल सके।

इस बीच, टी20 विश्व कप 2024 मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी कार्यभार था। कैरेबियन में खिताबी सूखे को समाप्त करने से पहले उन्होंने भारत को लगातार तीन आईसीसी फाइनल में पहुंचाया, जिसमें 2023 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और वनडे विश्व कप शामिल था।

क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए गौतम गंभीर और डब्ल्यूवी रमन का साक्षात्कार लिया है और गंभीर पूर्व कोच द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

टी20 विश्व कप के बाद बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच टी दिलीप का कार्यकाल समाप्त होने के बाद बीसीसीआई जल्द ही टीम के सहयोगी स्टाफ के लिए आवेदन जारी करेगा।

## चुने जाने पर चैंपियंस ट्रॉफ़ी में खेलने के लिए तैयार हैं डेविड वॉर्नर

**नईदिल्ली**




इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के स्टार बैटर डेविड वॉर्नर ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए इच्छा जाहिर की है। वॉर्नर का टेस्ट क्रिकेट से जनवरी, वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद वनडे और टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद इंटरनेशनल करियर समाप्त हो गया था।

वॉर्नर ने अभी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहने की बात कही। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में अगले साल फरवरी और मार्च में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की इच्छा जाहिर की है। वॉर्नर ने लिखा, मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलता रहूंगा और अगर चुना जाता हूं तो चैंपयिंस ट्रॉफी में भी खेलने को तैयार हूं।

उन्होंने वनडे से संन्यास लेते हुए भी कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी में जरूरत पड़ी तो मैं उपलब्ध रहूंगा।

वॉर्नर 3 बार वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं, इसमें 2015 और 2023 का वनडे वर्ल्ड कप और 2021 का टी-20 वर्ल्ड कप शामिल है।

डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2011 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में की था। उन्होंने 112 टेस्ट मैचों में 44.59 की औसत से 8786 रन बनाए। इसमें 26 शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

वॉर्नर ने वनडे करियर की शुरुआत साउथ अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में 2009 में की थी। उन्होंने वनडे में आखिरी मैच वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में 19 नवंबर को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ खेला था। अब तक खेले 161 वनडे मैचों में 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 22 शतक और 33 अर्धशतक लगाए।

वॉर्नर 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे। वॉर्नर टी-20 इंटरनेशनल में आस्ट्रेलियाई खिलाडिय़ों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 110 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 3277 रन बनाए हैं।

## विजय सेतुपति स्टारर महाराजा का 12 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर



साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति की बहुप्रतीक्षित फिल्म महाराजा 12 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है. निर्माताओं ने आज फिल्म का धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें विजय सेतुपति खून से लतपथ कुर्सी पर बैठे दिख रहे हैं, उनके पीछे पुलिस वाले खड़े हैं. यह पोस्टर फिल्म की कहानी और उसमें छिपे रहस्यों की एक झलक दिखाता है.

महाराजा एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे पोंगल के मौके पर 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया था. फिल्म में विजय सेतुपति एक ऐसे शख्स की भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी लक्ष्मी चोरी हो जाती है. इस घटना के बाद कई चौंकाने वाले राज़ सामने आते हैं और महाराजा उन रहस्यों को सुलझाने और चीजों को ठीक करने के लिए हर हद तक जाने को तैयार है.

यह फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी. फिल्म के निर्माताओं का मानना है कि यह फिल्म विभिन्न भाषाओं के दर्शकों को पसंद आएगी और यह नेटफ्लिक्स पर एक बड़ी सफलता हासिल करेगी.

फिल्म में विजय सेतुपति एक नाई की भूमिका में दिखे हैं. जिसकी पूरी दुनिया उसका बच्चा है. घर में एक दिन डकैती पडड़ जाती है और वह बदला लेने के लिए निकलता है. वह पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत करता है कि तीन लोगों ने उसपर हमला किया है और उसकी बेटी के बचाने वाली लक्ष्मी की चोरी हो गई है.

## सारिपोधा सानिवारम के फर्स्ट लुक में पुलिस किरदार में दिखीं प्रियंका मोहन



नानी अभिनीत अपकमिंग फिल्म सारिपोधा सानिवारम से एक्ट्रेस प्रियंका मोहन का फर्स्ट लुक सामने आया है। तस्वीर में वह एक पुलिस अधिकारी के रूप में एक बैग पकड़े आसमान की ओर देखती दिखाई दे रही हैं। फिल्म में एक्ट्रेस चारू की भूमिका निभा रही हैं। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का पहला लुक शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सूर्या सैटरडे से चारुलता के रूप में प्रियंका मोहन ऑफिशियल का परिचय, वह सीधे आपके दिलों तक रिपोर्ट करने के मिशन पर हैं। हाल ही में फिल्म का पहला सिंगल गरम गरम भी रिलीज किया गया, जिसे काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। निर्माताओं ने फिल्म से नानी का लेटेस्ट लुक भी जारी किया था, जिसमें उनके किरदार का एक अलग पक्ष दिखाया गया था।

## इन तरीकों से छुड़ा सकते हैं कपड़ों में लगी इंक

कभी बच्चों की स्कूल ड्रेस पर तो कभी पति के कपड़ों पर आपने इंक के निशान तो देखे ही होंगे. अगर कपड़े हल्के रंग के हो तो उनका खराब होना तय है. आज हम आपको ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जिनकी मदद से इंक के निशान चुटकियों में साफ हो जाएंगे.

**भूलकर भी न करें यह गलती-** कपड़ों पर इंक लगने से उनकी खूबसूरती खत्म हो जाती है. अगर आपके भी किसी कपड़े पर इंक लग गई है तो आपको भूलकर भी इन गलतियों को नहीं करना चाहिए. दरअसल, इंक लगने के बाद महिलाएं अक्सर कपड़े को रगडक़र साफ करने की कोशिश करती हैं या फिर बार-बार साफ करने की कोशिश करती हैं. इससे कपड़ों के फटने का खतरा रहता है. कई बार इंक तो साफ हो जाती है, लेकिन कपड़ा उस जगह से फेड हो जाता है.

**टूथपेस्ट की मदद से साफ कर सकती हैं कपड़ा-** अगर आपके किसी कपड़े पर इंक लग गई है तो टूथपेस्ट की मदद से उसे साफ कर सकती हैं. गौर करने वाली बात यह है कि इस काम के लिए जेल टूथपेस्ट कभी भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. दाग को साफ करने के लिए उस जगह पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगा दीजिए. अब कपड़े को साइड में रखकर टूथपेस्ट सूखने का इंतजार कीजिए. जब टूथपेस्ट पूरी तरह सूख जाए तो कपड़े को डिटर्जेंट से धो दीजिए. यह प्रोसेस दो-तीन बार करने से कपड़ा पूरी तरह साफ हो जाएगा.

**दूध से भी साफ कर सकती हैं दाग-** एनर्जी की जरूरत होती है तो हर कोई दूध पीने की सलाह देता है, लेकिन इंक के दाग भी दूध की मदद से साफ किए जा सकते हैं. आपको बस दाग लगे हिस्से को रातभर के लिए दूध में डुबोकर रखना होगा. इसके बाद कपड़ा धो लीजिए. आप देखेंगी कि इंक का निशान हल्का पड़ जाएगा. यह प्रक्रिया दो-तीन बार अपनाने पर इंक पूरी तरह खत्म हो जाएगी.

**अल्कोहल भी उड़ा सकता है इंक के होश-** अल्कोहल का नाम लिया जाए तो हर कोई जाम के दरवाजे तक पहुंच जाता है, लेकिन यही अल्कोहल आपके कपड़ों पर लगे इंक के होश उड़ा सकता है. इसके लिए आप एक कॉटन को अल्कोहल में डुबो लीजिए और उसे इंक के दाग पर धीरे-धीरे रगड़ दीजिए. इससे दाग साफ हो जाता है. अगर दाग ज्यादा बड़ा है तो इंक लगे हिस्से को करीब 15 मिनट के लिए अल्कोहल में डुबो दीजिए. इस प्रोसेस से भी दाग एकदम हल्का पड़ जाएगा.


## शब्द सामर्थ्य- 113

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.112 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

***मिथुन:*** आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए बहुत-सी चीजें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है। विवाहितों के लिए आज का दिन बढिय़ा है।

***कर्क:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको सिर दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा।

***कन्या:*** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आपके ज्यादा क्रोध से कोई बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है।

***तुला:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावट आज दूर होगी।

***वृश्चिक:*** आज अपने काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लिए आपको कोई अच्छी डील मिल सकती है।

***धनु:*** आज खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है।

***मकर:*** आज आपका दिन बीते दिनों की तुलना में बढिय़ा रहने वाला है। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। आज आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है।

***कुंभ:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है।

***मीन:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोगों पर आपका प्रभाव पड़ेगा।